भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 693

उत्तर देने की तारीख : 23.07.2026

आंध्र प्रदेश में पीएम विश्वकर्मा योजना

693. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत तथा प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता और क्रेडिट लिंकेज प्राप्त करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितने स्किल इंडिया सेंटर और प्रधानमंत्री कौशल केंद्र स्वीकृत तथा संचालित हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार आंध्र प्रदेश के काकीनाडा, श्रीकाकुलम और विजयनगरम जैसे कारीगर बहुल जिलों में समर्पित पीएम विश्वकर्मा क्लस्टर स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आंध्र प्रदेश को जारी की गई धनराशि का वर्ष-बार ब्यौरा क्या है तथा इसके अंतर्गत कितने लाभार्थियों को शामिल किया गया है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : पीएम विश्वकर्मा के तहत आंध्र प्रदेश में पंजीकृत और प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता प्राप्त करने वाले और क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराए गए कारीगरों और शिल्पकारों की जिला-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) : कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) से प्राप्त सूचना के अनुसार, प्रशिक्षण केंद्रों की कोई श्रेणी नहीं है जिसे पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत "स्किल इंडिया सेंटर" के रूप में परिभाषित किया गया है। इस स्कीम के तहत प्रशिक्षण पहले से स्थापित प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से दिया जाता है, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) और अन्य सूचीबद्ध प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं, जो उनके मौजूदा आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का उपयोग करते हैं और तदनुसार केवल प्रशिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। स्कीम की शुरुआत से आंध्र प्रदेश में प्रशिक्षण केंद्रों की कुल संख्या 380 है, जिसमें 267 पीएमकेके और 113 अन्य प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं। वर्तमान में, 101 प्रशिक्षण केंद्र सक्रिय हैं, जिनमें 3 पीएमकेके और 98 अन्य प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों का विवरण **अनुबंध-II** में हैं।

(ग) : आज की तारीख तक, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) : पीएम विश्वकर्मा स्कीम एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है; अतः राज्य/जिला-वार निधि आवंटित/जारी नहीं की जाती है।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 693, जिसका उत्तर दिनांक 23.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुंबध-I

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आंध्र प्रदेश से पंजीकृत और प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता प्राप्त करने वाले और क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराए गए कारीगरों और शिल्पकारों की जिलावार संख्या

जिला का नाम	सफल पंजीकरण	पूरा किया गया आधारभूत प्रशिक्षण	संस्वीकृत ऋण	संस्वीकृत ऋण राशि (लाख रु. में)	वितरित किए गए टूलकिट
अल्लूरी सीतारमा राजू	834	387	80	66.95	86
अनकापल्ली	4,709	3,464	1,197	754.64	2,561
अनंतपुरमु	12,511	9,551	2,544	1,841.88	2,120
अन्नमय्या	4,683	3,097	1,090	968.25	1,459
बापतला	2,937	2,053	755	654.17	1,175
चित्तूर	5,962	2,828	1,015	839.09	1,474
डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	6,535	5,447	1,618	1,430.79	1,532
पूर्वी गोदावरी	4,616	3,821	1,362	1,188.75	2,544
एलुरु	4,526	3,644	1,265	1,202.04	1,963
गुंटूर	5,261	3,953	1,386	1,135.30	2,579
काकीनाडा	4,922	4,021	1,153	970.15	3,062
कृष्णा	3,659	2,402	992	911.04	1,719
कुरनूल	14,987	13,202	3,695	2,492.25	9,683
नांदयाल	5,630	4,554	1,247	909.58	2,300
एनटीआर	5,885	3,875	1,407	1,106.86	2,458
पलनाडु	7,350	5,951	1,677	1,513.61	4,596
पार्वतीपुरम मान्यम	1,732	1,330	387	244.3	230
प्रकाशम	13,189	10,475	2,610	1,985.48	8,181
श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	12,730	9,657	3,814	3,061.48	4,885
श्री सत्य साई	7,237	6,655	2,781	1,869.45	5,195
श्रीकाकुलम	8,369	6,799	2,077	1,775.35	5,343
तिरुपति	13,120	10,322	3,499	3,113.07	4,328
विशाखापत्तनम	3,341	2,562	853	786.73	1,355
विजयनगरम	6,185	5,273	1,705	1,223.9	3,772
पश्चिम गोदावरी	32,466	28,998	8,996	7,293.41	19,175
वाई.एस.आर	29,571	24,924	10,583	9,061.19	13,653
कुल (आंध्र प्रदेश)	**2,22,947**	**1,79,245**	**59,788**	**48,399.71**	**1,07,428**

अनुबंध-II

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 693, जिसका उत्तर दिनांक 23.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुंबध-II

क.आंध्र प्रदेश में पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षण केंद्रों की जिला-वार संख्या

जिला	प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके)	अन्य प्रशिक्षण केंद्र	कुल
अनकापल्ली	5	1	6
अनंतपुरमु	18	8	26
अन्नमय्या	3	5	8
बापतला	4	1	5
चित्तूर	2	6	8
डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	10	1	11
पूर्वी गोदावरी	3	2	5
एलुरु	5	2	7
गुंटूर	6	3	9
काकीनाडा	11	1	12
कृष्णा	7	3	10
कुरनूल	22	8	30
नांदयाल	12	5	17
एनटीआर	6	2	8
पलनाडु	6	3	9
पार्वतीपुरम मान्यम	2	1	3
प्रकाशम	14	4	18
श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	22	8	30
श्री सत्य साई	6	5	11
श्रीकाकुलम	18	1	19
तिरुपति	19	10	29
विशाखापत्तनम	11	3	14
विजयनगरम	14	3	17
पश्चिम गोदावरी	15	20	35
वाई.एस.आर	26	7	33
सकल योग	**267**	**113**	**380**

ख. आंध्र प्रदेश में सक्रिय प्रशिक्षण केंद्रों की जिलावार संख्या

जिला	प्रधान मंत्री कौशल केंद्र	अन्य प्रशिक्षण केंद्र	कुल
अनकापल्ली	0	1	1
अनंतपुरमु	0	6	6
अन्नमय्या	0	5	5
बापतला	0	1	1
चित्तूर	0	6	6
डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	0	1	1
पूर्वी गोदावरी	0	2	2
एलुरु	0	2	2
गुंटूर	1	3	4
कृष्णा	0	3	3
कुरनूल	0	8	8
नांदयाल	0	5	5
एनटीआर	0	2	2
पलनाडु	0	2	2
पार्वतीपुरम मान्यम	0	1	1
प्रकाशम	0	2	2
श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	0	8	8
श्री सत्य साई	0	4	4
श्रीकाकुलम	1	1	2
तिरुपति	0	9	9
विशाखापत्तनम	0	1	1
विजयनगरम	0	2	2
पश्चिम गोदावरी	0	16	16
वाई.एस.आर	1	7	8
सकल योग	**3**	**98**	**101**